हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

बिलासपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



केशगंवा एकीकृत कृषि क्लस्टर का सीईओ ने किया निरीक्षण 4




## खबर संक्षेप

### महिला को जहरीले सांप ने काटा, मौत

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में जमीन पर चटाई बिछाकर सो रही महिला को जहरीले सांप ने डस लिया तो महिला ने पहले सांप को मौत के घाट उतारी फिर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर अंतर्गत ग्राम डोकडा निवासी सेबेसिया पति वराता लोमी खेस (46 वर्ष) 20 जून को घर के कमरे में जमीन पर चटाई बिछाकर सो रही थी। इसी दौरान करैत सांप ने उसे काट लिया। सांप के डसने पर उठी और पहले सांप को मारा फिर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल महिला को परसाबहार अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

### अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 4 वाहन जब्त

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। खनिज अमला द्वारा 2 जुलाई को अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई की गई। ग्राम सरगंवा में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुए टीपर वाहन क्रं. सीजी 15 ईएफ 1437 वाहन मालिक मनीष प्रताप सिंह, टीपर वाहन क्रमांक सोल्ड टीपर 912 वाहन मालिक हरि यादव एवं वाहन टीपर क्रमांक सीजी 15 ईएफ 0149 वाहन मालिक श्रीकांत जायसवाल से जप्त किया गया। इसी प्रकार लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम धौरपुर में खनिज साधारण पत्थर वाहन हाईवा क्रं. सीजी 15 ईएल 0520 वाहन मालिक संतोष अग्रवाल पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज चौकी प्रभारी रघुनाथपुर के अभिरक्षा में दिया गया है।

## जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

# शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्तिः राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शनिवार को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े रहे , वहीं विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, नपा बैकुंठपुर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, योग प्रशिक्षक अनिल शर्मा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुभाष साहू रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया और फिर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाडे ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे, इसके लिए जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं पालकों को मिलकर कार्य करना होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज का अभियान है। सभी पालक अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे ताकि वे भविष्य में अच्छे नागरिक बन सकें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना रजवाड़े ने कहा कि हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। समाज के सभी वर्गों को इस अभियान में सहभागी बनकर बच्चों का भविष्य संवारना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जिले को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकसित समाज की पहचान है। शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधियों और पालकों के संयुक्त प्रयास से जिले में शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कक्षा पहली एवं छठवीं में प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया गया, वहीं उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य एएल गुप्ता ने विद्यालय परिवार सभी अतिथियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पालकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।





### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान

कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं में सेजेस महलपारा बैकुंठपुर की छात्रा अंशिका कश्यप ने 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठवां स्थान तथा कन्या उमावि से आलिया परवीन ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा बारहवीं में सेजेस महलपारा बैकुंठपुर से उन्नति जायसवाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान अर्जित किया। पहली बार कोरिया जिले से इतने अधिक विद्यार्थी टॉप टेन में स्थान प्राप्त किए हैं। इन सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# सरपंच को मिली नौगई कांड की धमकी

**सोनहत।** कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत घटित नौगई कांड अभी शांत भी नहीं हुआ है, इसी तरह की घटना दोहराने की धमकी ग्राम पंचायत सोनहत के सरपंच को मिलने पर पीड़ित सरपंच ने सोनहत थाने में लिखित शिकायत दी, इस पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351 (3), 3 (5) एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धारा 3-1 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

■ सोशल मीडिया में वीडियो हो रहा वायरल





पुलिस रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत सोनहत की सरपंच मानमती ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिवस 30 जून को दोपहर में ग्राम पंचायत में पंचों की बैठक ले रही थी। इसी बीच दोपहर के समय आरोपी जय करन साहू आकर अपनी निजी बोर का रूपए मांग करने लगा, मना करने पर गाली-गलौज किया गया। इसके बाद आरोपी का भतीजा राजेन्द्र प्रसाद साहू आया और वह भी अश्लील गालिया देकर नौगई जैसी जलाकर खत्म करने की धमकी दी गई। शिकायत में उल्लेख किया गया कि वार्ड क्रमांक 16 का पंच की पति जयकरण साहू पिछले साल अपने घर के सामने निजी बोर कराया था, पत्नी पंच होने के कारण उस बोर का रूपए मेरे से मांग करता है, पंचायत का रूपए देने से मना की तो पंच सरपंच की उपस्थिति में पंचायत में आकर मुझे अश्लील गाली मारपीट करने की धमकी दिया। इस मामले में लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। इस मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444





# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style



# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

हॉलीवुड मसाला




# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।




# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज़्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



## 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

## इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

## अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सट्र्स के लिए समर्पित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### केवाईसी के लिए लगा शिविर



**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 5 महात्मा गांधी वार्ड कचहरीपारा के पार्षद धीरज शिवहरे ने श्रम विभाग के अधिकारियों के सहयोग से शुक्रवार को अपने कार्यालय के बाहर श्रम पंजीकृत हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी शिविर का आयोजन कराया। शिविर से पूर्व वार्ड के श्रम हितग्राहियों को सूचना देकर अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन हितग्राहियों की ई-केवाईसी की गई, जिनका नाम सूची में होने के बावजूद अब तक सत्यापन नहीं हो पाया था। शिविर में करीब 20 श्रमिक हितग्राहियों ने पहुंचकर अपनी ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कराई। पार्षद धीरज शिवहरे ने बताया कि भविष्य में भी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त बैठक



**अनूपपुर।** जिले में स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनूपपुर पुलिस एवं परिवहन विभाग ने सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर जोर दिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशानुसार थाना यातायात में जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी की उपस्थिति में स्कूल एवं यात्री बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य परिवहन व्यवस्था में सुरक्षा मानकों को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियंत्रण सुनिश्चित करना रहा। बैठक में बस संचालकों को निर्देश दिए गए कि सभी वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित किए जाएं। विशेष रूप से जिन बसों के इमरजेंसी एग्जिट खराब अथवा बंद हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में स्कूली बच्चों एवं यात्रियों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही वाहनों की फिटनेस, वैध परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर तथा सीसीटीवी जैसी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त एवं क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए।

### खड़गवां में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित खड़गवां में 29 जून को सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ सहकारी ध्वजा फहराकर किया गया। भारत सरकार के निर्देशानुसार 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित सहकारिता सप्ताह के दौरान जिलेभर में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक एवं सहकारिता से जोड़ने के द्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

# नकली मंगलसूत्र मामला: कलेक्टर की जांच में पाई गई अनियमितता

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वितरित कथित नकली मंगलसूत्र की जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर की गई शिकायत अब जिला प्रशासन की जांच में प्रथम दृष्टया सही पाई गई है। जिला कलेक्टर एमसीबी द्वारा गठित जांच समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में शिकायत के लगभग सभी तथ्यों की पुष्टि करते हुए संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने बताया कि उन्होंने 18 जून 2026 को जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 10 फरवरी को विकासखंड खड़गवां के चनवारीडांड स्थित महामाया मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वितरित मंगलसूत्रों की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। शिकायत में उल्लेख किया गया था कि इस कार्यक्रम में विभागीय अभिलेखों के अनुसार कुल 184 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया था। रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 92 लाख रूपए का आवंटन प्राप्त हुआ था। शासन के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक हितग्राही के लिए 50,000 निर्धारित थे, जिसमें 35,000 सीधे हितग्राही के बैंक खाते में तथा शेष राशि विवाह आयोजन एवं उपहार सामग्री पर व्यय की जानी थी। उपहार सामग्री के लिए प्रति जोड़ा 7,000 का प्रावधान था, जिसमें चांदी का मंगल सूत्र भी शामिल था। जांच में पाया गया कि जिला स्तरीय क्रय समिति ने स्पष्ट रूप से चांदी का मंगल सूत्र खरीदे जाने की अनुशंसा की थी तथा यह भी निर्णय लिया था कि सामग्री का क्रय प्राथमिकता से पोर्टल के माध्यम से किया जाए। यदि कोई सामग्री उस पर उपलब्ध न हो तो भंडार क्रय नियमों के अनुसार नियमानुसार खरीद की जाए। इसके बावजूद जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा समिति की अनुशंसा के विपरीत कार्यवाही की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमित निविदा के माध्यम से सामग्री खरीदी गई, लेकिन संबंधित फर्मों से कोटेशन प्राप्त करने की प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया। क्रय समिति के सदस्यों से कोटेशन पर अनुमोदन एवं हस्ताक्षर नहीं लिए गए। सामग्री का भौतिक सत्यापन भी नहीं कराया गया और भुगतान से पूर्व आवश्यक प्रशासनिक अनुमोदन भी प्राप्त नहीं किए गए। जांच समिति ने माना कि भंडार क्रय नियम, वित्तीय अधिकार पुस्तिका तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि गुणवत्ता संबंधी शिकायत मिलने के बाद संबंधित फर्म के भुगतान से प्रति मंगलसूत्र 1,000 की कटौती की गई तथा कुल 1,84,000 हितग्राही महिलाओं के खातों में अंतरित किए गए। इसके बाद संबंधित फर्म को लगभग 12.85 लाख का भुगतान किया गया। वहीं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने कहा कि यह मामला केवल खरीद प्रक्रिया में अनियमितता का नहीं, बल्कि गरीब बेटियों के सम्मान और शासन की विश्वसनीयता से जुड़ा है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री पूनम सिंह ने कहा कि जांच रिपोर्ट ने शिकायत को सही साबित कर दिया है। अब सरकार को दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई कर जवाबदेही तय करनी चाहिए। पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूमा चटर्जी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के सम्मान से जुड़ी योजना है। इसमें हुई किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पार्षद किरण कुजूर ने कहा कि जब जांच समिति ने शिकायत को सही पाया है, तो सरकार को बिना विलंब दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पूर्व पार्षद हमीदा खातून ने कहा कि जांच पूरी होने से पहले विभाग द्वारा विज्ञप्ति की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जनता को गुमराह करने वालों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। पूर्व महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शोभना वर्मा ने कहा कि यह मामला नवविवाहित महिलाओं के सम्मान और शासन की पारदर्शिता से जुड़ा है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बचाया नहीं जाना चाहिए।

## केशगंवा एकीकृत कृषि क्लस्टर का सीईओ ने किया निरीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत हो रहे विभिन्न कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। वनांचल जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम पंचायतों में निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने एकीकृत कृषि क्लस्टर का भी निरीक्षण किया और समूह की महिलाओं से बातचीत की।

इस दौरान महिलाओं की आजीविका में सुधार पर भी उन्होंने प्रत्येक सदस्य से संवाद कर सभी को प्रोत्साहित करते हुए उनकी कार्यविधि में ज्यादा लाभ अर्जित करने संबंधी सुझाव भी प्रदान किए। विदित हो कि कोरिया में ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ करने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। इस भ्रमण के दौरान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम केशगवां में राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के अंतर्गत 3 महिला स्व-सहायता समूहों की 16 महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की कृषि आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। महिलाएं सामूहिक रूप से मुर्गी पालन, बकरी पालन, सब्जी उत्पादन और वर्मी कंपोस्ट (जैविक खाद) निर्माण जैसे कार्यों से जुड़ी हुई हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से समूह की महिलाओं ने आजीविका में वृद्धि करते हुए विगत 2 वर्षों में 5 लाख रूपए से अधिक की आय अर्जित की है। विदित हो कि केशगवां के इस आईएफसी सेंटर में सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन पूरी तरह से वैज्ञानिक और आधुनिक तकनीक से किया जा रहा है। यहां महिलाओं के द्वारा सब्जी उत्पादन के लिए खेतों में मल्चिंग और ड्रिप इरिगेशन यानी टपक सिंचाई की आधुनिक व्यवस्था की गई है। लेयर फार्मिंग का उपयोग करते हुए एक ही स्थान पर कम खर्च और दैनिक मेहनत के कुशल उपयोग के लिए एक ही शेड में ऊपर बकरी पालन और नीचे मुर्गी पालन का कार्य किया जा रहा है।

## एसबीआई के नए एटीएम का कलेक्टर ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिले में बैंकिंग सेवाओं को अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 3 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नवीन एटीएम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पश्चात उन्होंने फीता काटकर नवीन एटीएम का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कहा कि कलेक्टर कार्यालय परिसर में एटीएम की स्थापना से अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नकदी निकासी सहित विभिन्न बैंकिंग सेवाएं एक ही स्थान पर सहजता से उपलब्ध हो सकेंगी। इससे लोगों का समय बचेगा तथा डिजिटल बैंकिंग को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आधुनिक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार वित्तीय समावेशन को मजबूत बनाने के साथ-साथ आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अंबिकापुर के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रतीक अग्निहोत्री, जिला अग्रणी प्रबंधक बिजन नायक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मनेन्द्रगढ़ शाखा प्रबंधक उदय सिंह लोधी सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी एवं कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नवीन एटीएम के प्रारंभ होने से कलेक्टर कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को 24 घंटे नकदी निकासी, बैलेंस इन्क्वायरी, मिनी स्टेटमेंट सहित अन्य एटीएम आधारित बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इससे बैंकिंग सेवाएं और अधिक सुलभ एवं प्रभावी होंगी।

### सहकारी समिति परिसर में किया गया पौधरोपण



बैकुण्ठपुर। सहकारी सप्ताह के पांचवें दिन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धौराटिकरा भाड़ी परिसर में पौधरोपण सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दिन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धौराटिकरा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अंबिकापुर के संभागीय उपाध्यक्ष जगदीश साहू द्वारा समिति प्रांगण में 3 छायादार पौधे एवं 2 फलदार पौधे का रोपण किया गया। उपस्थित अन्य लोगों ने भी समिति प्रांगण में पौधरोपण किया। इसके साथ ही नवीन कृषकों को किसान क्रेरडिट कार्ड का वितरण भी किया गया। उपस्थित समिति प्रबंधक अजय साहू सहित उपाध्यक्ष एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा परिसर में सफाई अभियान भी चलाया गया।

## दैनिक योग अभ्यास क्रम का किया गया प्रदर्शन

मनेन्द्रगढ़। योग एवं प्राणायाम के प्रबल पक्षधर एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य मुन्नालाल श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर के योग प्रांगण में पतंजलि योग सेवा समिति द्वारा, दैनिक योग अभ्यास क्रम का कुशल प्रदर्शन किया गया। लगभग 40 वर्षों तक अनुकरणीय शासकीय सेवा के उपरांत सामाजिक रूप से सक्रिय वरिष्ठ योग साधक मुन्नालाल श्रीवास्तव का स्वागत,योग समिति की ओर से वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने किया। योग सत्र के दौरान छग योग आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय अग्रवाल के कार्यकाल पर समस्त योग साधकों ने अपनी शुभकामनाएं अर्पित की एवं छग योग आयोग के द्वारा निर्धारित अभ्यास क्रम में गायत्री महामंत्र ,महामृत्युंजय मंत्र, संकल्प मंत्र, प्रार्थना मंत्र एवं सहज व्यायाम से योग सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मन्नालाल श्रीवास्तव ने योग



को संपूर्ण विज्ञान, संपूर्ण जीवन शैली एवं चिकित्सा पद्धति बताते हुए योग की महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि चिंतक, बैरागी ,अभ्यासी ब्रह्मचारी गृहस्थ कोई भी योग का सानिध्य प्राप्त कर लाभान्वित हो सकता है। सरस्वती शिशु मंदिर के नियमित योग कक्षा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मनेद्रगढ़ में यह सुविधा आम आदमी के स्वस्थ जीवन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस अवसर पर महिला योग प्रभारी बलबीर कौर, पिंकी सलूजा, मनीष कुमार गुप्ता, भैरव केसरवानी दिवाकर मिश्र आदि शामिल रहे।

## नर्सिंग शिक्षा में शत-प्रतिशत रोजगार

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रम उपरांत बेहतर भविष्य के संबंध में अवगत कराया गया कि, वर्तमान में नर्सिंग की शिक्षा एक बेहतर विकल्प है, जो कोरिया जिले में ही रहकर प्राप्त किया जा सकता है एवं रोजगार की शत-प्रतिशत गारंटी देता है। आज देश दुनिया में जितनी तेजी से नए-नए हॉस्पिटलों का निर्माण हो रहा है, बीमारी एवं मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वर्तमान में ज्यादा से ज्यादा नर्सिंग पदों पर भर्ती हो रही है। बीएससी नर्सिंग उपरांत पीजी, एमएससी नर्सिंग कोर्स किया जा सकता है। नर्सिंग अंतर्गत कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, ऑप्थेल्मोलॉजी, आथार्पेडिक्स आदि विभिन्न क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। नर्सिंग क्षेत्र में एमफील, पीएचडी कोर्स भी किया जा सकता है।





बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए हायर सेकेंडरी शिक्षा उपरांत बायोलॉजी संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा चार वर्षीय, आठ-सेमेस्टर कोर्स किया जा सकता है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल के संदर्भ से जारी संशोधित बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के संबंध में सूचना प्रदान की गई है। बीएससी नर्सिंग कोर्स में प्रवेश लेने के लिए शासन द्वारा बायोलॉजी संकाय विषय अनिवार्य है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में रूचि रखने वाले आवेदक को छग शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग रायपुर छग के द्वारा सत्र 2026-27 में व्यापम द्वारा आयोजित पीएनटी प्री नर्सिंग टेस्ट परीक्षाओं के प्राप्तांको के आधार पर किया जाएगा। बीएससी नर्सिंग कोर्स पूर्ण करने उपरांत शासकीय, अर्द्धशासकीय, एनजीओ, इंडस्ट्रीयल नर्स, आर्म्ड फोर्स, ड्रग कंपनी, कम्यूनिटी हेल्थ नर्सेस, क्लिनिक केयर सेंटर, काउंसलिंग सेंटर एवं नर्सिंग संस्थान में शैक्षणिक - सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए रोजगार की प्रचुर संभावनाए है।

## पीएम श्री प्राशा चरचा बना आधुनिक शिक्षा का मॉडल

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी





जिले का पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला चरचा आधुनिक शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है। वर्ष 2023 में पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित होने के बाद विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यही कारण है कि विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो अभिभावकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

विद्यालय की शुरूआत दो शिक्षकों के साथ हुई थी, जबकि वर्तमान में चार शिक्षक विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। पहले विद्यालय में बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, लेकिन अब सौर ऊर्जा प्रणाली (सोलर पावर) के माध्यम से नियमित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा रंगीन बाउंड्री वॉल, स्मार्ट क्लास, विज्ञान लर्निंग लैब, संगीत कक्ष, पुस्तकालय, सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे, ग्रीन बोर्ड, आधुनिक फर्नीचर, स्वच्छ पेयजल, वाटर कूलर और पर्याप्त शौचालय जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। विद्यालय में नियमित रूप से स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोग, पुस्तकालय अध्ययन, संगीत प्रशिक्षण तथा आउटडोर और इंडोर शिक्षण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। समर कैंप और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सहभागिता में लगातार वृद्धि हो रही है। छोटे-छोटे विद्यार्थी यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड के साथ नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर उत्साहपूर्वक शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। प्रधान पाठक श्रीमती सीमा मिश्रा के नेतृत्व में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

## जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण



**अनूपपुर।** पर्यावरण संरक्षण,संवर्धन एवं हरित वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 3 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती माया विश्वलाल के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन विषयक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती माया विश्वलाल द्वारा पौधरोपण कर किया। उन्होंने उपस्थितजन से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एक्सीलेंस तुलसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं, एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों तथा मूक-बधिर दिव्यांगजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती माया विश्वलाल तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रावेन्द्र कुमार सोनी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण केवल व्यक्तिगत दायित्व नहीं,बल्कि सामाजिक एवं नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

## आए दिन रहता है हादसों का अंदेशा

# बरसात में सड़कों पर बढ़े गौवंश, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



प्रतिवर्ष बरसात का मौसम शुरू होते ही बैकुंठपुर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर बेसहारा गौवंश की संख्या बढ़ गई है। मुख्य मार्गों और सड़कों पर दिन-रात इनका जमावड़ा रहने से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

आए दिन वाहन की टक्कर से मवेशियों की मौत हो रही है, वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। कुछ मामलों में दुर्घटनाएं जानलेवा भी साबित हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। आरोप है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखा रहे हैं। लोगों का यह भी कहना है कि चुनाव के समय गौ संरक्षण की बातें प्रमुखता से होती हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं देती। क्षेत्र में आज भी ऐसी समुचित व्यवस्था नहीं है, जहां बेसहारा गौवंश को सुरक्षित रखा जा सके। सड़क पर विचरण करने वाले मवेशी स्वयं भी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बने हुए हैं। गौ रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष अनुराग दुबे का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में बेसहारा गौवंश के संरक्षण के लिए गौधाम योजना की घोषणा की गई थी, लेकिन कोरिया जिले में अब तक इसका अपेक्षित लाभ धरातल पर नजर नहीं आया। इसी प्रकार गौ सेवा से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की भी मांग लगातार उठती रही है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बेसहारा गौवंश के संरक्षण एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शीघ्र ठोस और स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि मवेशियों के साथ-साथ आम लोगों की जान भी सुरक्षित रह सके।





